## कुंजी

16.5.24

Pg 1 B+

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा - सातवीं     सुमन शर्मा

विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-3 कुछ भारतीय त्योहार)     कुंजी

### पुस्तक - नवतरंग-7

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो:- संक्षेप में-

प्र०(क) दीवाली के साथ कौन-कौन से त्योहार जुड़े हैं?

उत्तर- दीवाली का त्योहार हिंदी महीने कार्तिक की अमावस्या को आता है। इससे पहले आश्विन मास में नवरात्रि का त्योहार आता है। नवरात्रि का त्योहार अमावस्या के आश्विन मास के दूसरे दिन से शुरू होता है। नवरात्रि के नौ दिन के बाद दसवें दिन दशहरा मनाया जाता है। इसे विजयादशमी भी कहते हैं। इस दिन श्रीराम ने रावण को मारकर विजय प्राप्त की थी। दीवाली से दो दिन पहले का दिन 'धनतेरस' कहलाता है, जिसमें धन की देवी लक्ष्मीजी का पूजन किया जाता है। वहीं दीवाली से एक दिन पहले 'नरक चौदस' का दिन होता है, इस दिन परिवार का प्रत्येक सदस्य स्नान करता है। इसके बाद महीने के पंद्रहवें दिन दीवाली का त्योहार होता है।

प्र०(ख) होली के त्योहार से जुड़ी कौन-कौन सी प्रथाएँ अब दूर हो रही हैं?

उत्तर- होली के त्योहार के साथ जुड़ी ऐसी कई प्रथाएँ हैं जो अब दूर होती जा रही है। पहले लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गंदा पानी फेंकते थे लेकिन अब लोटे भर-भर

# कुंजी

कक्षा- सातवीं सुमन शर्मा
विषय- हिंदी साहित्य (पाठ-3 कुछ भारतीय त्योहार) कुंजी

पानी फेंकने के स्थान पर खुशबूदार जल का छिड़काव और नारंगी रंग के टेसू के फूलों को उबालकर बनाए रंग का प्रयोग किया जाता है। सूखे गुलाल का प्रयोग भी किया जाता है।

## विस्तार से प्रश्नोत्तर

प्र०-(क) दीवाली और होली के त्योहारों में कौन-कौन से अंतर हैं?

उत्तर-

| दीवाली | होली |
|---|---|
| 1. दीवाली कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है। | 1. होली फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। |
| 2. दीवाली रोशनी का त्योहार है। यह अँधेरी रात में मनाया जाता है। | 2. होली रंगों का त्योहार है। यह दिन में मनाया व खेला जाता है। |
| 3. दीवाली के समय थोड़ी ठंड शुरू हो जाती है, अतः लोग उस ठंड के अनुसार वस्त्र धारण करते हैं। | 3. होली के समय मौसम में थोड़ा बदलाव आता है। बसंत ऋतु होती है, अतः ठंड कुछ कम हो जाती है। मौसम के अनुसार ही लोग कपड़े पहनते हैं। |
| 4. दीवाली पर विभिन्न प्रकार के पौष्टिक और गरिष्ठ भोजन बनाए, खाए जाते हैं। | 4. होली पर गरिष्ठ भोजन कम कर दिए जाते हैं, वहीं पौष्टिक और हल्का-सुपाच्य भोजन खाए जाते हैं। |

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

16.5.24

# कुंजी



कक्षा- सातवीं सुमन शर्मा कुंजी
विषय- हिंदी साहित्य (पाठ-3 'कुछ भारतीय त्योहार')

वैसे तो सभी त्योहारों में खाद्य व्यंजनों का समावेश होता है। शीतकाल सब प्रकार के आहार का मौसम होता है, वहीं ग्रीष्मकाल में पानी की मात्रा शरीर को अधिक चाहिए और भोजन हल्का और सुपाच्य।

प्रश्न-(ग) दीवाली और होली के त्योहार कैसे मनाए जाते हैं?
उत्तर- दीवाली दीपों का प्रकाशमय त्योहार है। इस त्योहार पर बच्चे-बड़े सब प्रसन्न होते हैं और अच्छे-नए वस्त्र धारण करते हैं। दीवाली की शाम को मुहूर्त के अनुसार लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है। अपने मिलने-जुलने वालों को मिठाइयाँ बाँटी जाती हैं। बच्चे पटाखे चलाकर प्रसन्न होते हैं। गरीबों को दान दिया जाता है, जिससे उनके बच्चे भी त्योहार मना सकें। दीपों से और बिजली की लड़ियों से सारा घर और शहर जगमग-जगमग करता है। यह त्योहार श्रीराम के अयोध्या वापस आने की खुशी में मनाया जाता है। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास के बाद वापस आने की खुशी में अयोध्यावासियों ने घी के दीये जलाए थे।

इसी प्रकार होली रंगों का त्योहार है। इसमें सभी लोग एक-दूसरे को रंग-बिरंगे रंग लगाकर और रंग वाले खुशबूदार पानी से नहलाकर खुशी मनाते हैं। इस त्योहार पर पूर्णिमा के दिन होलिका दहन किया जाता है। गुजिया और अन्य पकवान बनाए, खाए जाते हैं।

(अंतिम पृष्ठ-3)

Scanned with CamScanner